दिन–बुधवार दिनांक– 08 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में संपन्न हुये मतदान का संशोधित आंकड़ा जारी किया है। आयोग के अनुसार इन निर्वाचन क्षेत्रों में अट्ठावन दशमलव एक आठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुपौल में सबसे अधिक इकसठ प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। वहीं, अररिया में उनसठ दशमलव आठ–नौ, मधेपुरा में अट्ठावन दशमलव छह–पांच और खगड़िया में छप्पन दशमलव सात–छह प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। झंझारपुर में सबसे कम चौवन फीसदी लोगों ने वोट डाले। वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार मतदान में तीन प्रतिशत की कमी देखी गयी है। गौरतलब है कि पिछले दो चरणों के लोकसभा चुनावों में भी राज्य में मतदान प्रतिशत कम रहा था।

——————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे और पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न गठबंधन और राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए लगातार सभाएं, रैली, रोड–शो और जनसंपर्क कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी अब से थोड़ी देर बाद बेगूसराय संसदीय क्षेत्र के मटिहानी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री गडकरी यहां पार्टी प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के पक्ष में प्रचार करेंगे। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज जहानाबाद में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। सभा को विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी संबोधित किया।

——————————————————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में नवासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। कल नामांकन पत्रों की जांच में पचपन उम्मीदवारों के पर्चे रद्द कर दिये गये। अभ्यर्थी कल तक नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए पच्चीस मई को मतदान होना है।

——————————————————————————

मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा में गड़बड़ी की जांच के लिए पटना पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। सिटी एसपी, सेंट्रल के नेतृत्व में गठित एसआईटी में दो डीएसपी रैंक के अधिकारी, छह इंस्पेक्टर और तकनीकी सेल के पुलिसकर्मी शामिल किए गये हैं। एसएसपी राजीव मिश्र ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि इस मामले में अबतक तेरह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

———————————————————————————

राज्य के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक महीने की चौदह तारीख को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में लगाये जाएंगे। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने इस संबंध में सभी जिला पदाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक को पत्र भेजा है। पत्र के अनुसार आयुष्मान आरोग्य शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में मरीजों का उपचार किया जाएगा साथ ही आठ प्रकार की जांच भी की जायेगी। शिविर में होने वाली सभी जांच और उपचार से संबंधित रिपोर्ट उसी दिन आयुष्मान भव पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून पूर्व बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान ललबगिया घाट में सबसे अधिक चौरासी मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं कौवाकोल में चौवन दशमलव दो और रक्सौल में अड़तालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर बीस से लेकर चालीस मिलीमीटर तक बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना बनी हुयी है। कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————————

इधर, शिवहर सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊकनी में आज बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में एक युवक की मौत हो गयी।

———————————————————————————

पटना म्यूजियम में आज शॉर्ट–सर्किट के कारण भीषण आग लग गयी। मौके पर अग्निशमन दस्ते की एक दर्जन से अधिक गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

———————————————————————————————————————

गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र के शिवरतीपुर महादलित टोला में अवैध रूप से शराब बनाने की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर है।

———————————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।